दक्षिण एशिया अल्पसंख्यकों की स्थिति रिपोर्ट 2020

अल्पसंख्यक और सिकुड़ता नागरिक दायरा

साऊथ एशिया कलेक्टिव

The
South Asia
Collective

दक्षिण एशिया अल्पसंख्यकों की स्थिति रिपोर्ट 2020 : अल्पसंख्यक और सिकुड़ता नागरिक दायरा

विषय - सूची

प्रस्तावना	3
सारांश	6
भारत में नागरिक दायरे का सिमटना	17
संदर्भ	36

प्रस्तावना

सुश्री मेरी लॉलर,
मानवाधिकार का बचाव करनेवालों की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र संघ के विशेष दूत

इस सामयिक रिपोर्ट में उन परिचित और चिंताजनक मुद्दों को रेखांकित किया गया है कि कैसे अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का बचाव करनेवालों पर अमूमन पाबंदियां लगायी जाती हैं और उन्हें हिंसा का निशाना बनाया जाता है। पाकिस्तान में विशेषकर अल्पसंख्यकों के धर्म और पंथ को लेकर ईश निंदा का आरोप झेल रहे लोगों के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा के समर्थन में आवाज़ उठानेवाले वकीलों और सभी एनजीओ और एचआरडी पर ख़तरा मंडराता रहता है।
नेपाल में उन एनजीओ को निशाना बनाया जाता है जो ईसाई कर्मचारियों को काम पर रखना चाहते हैं। अफ़ग़ानिस्तान में एचआरडी पर सरकार और ग़ैर-सरकारी लोगों की ओर से ख़तरा बना रहता है। बांग्लादेश में वहाँ का साइबर अपराध क़ानून एचआरडी पर हमले को आसान बनाता है। भारत में भेदभावपूर्ण क़ानूनों और इन पर अमल का विरोध करनेवाले एचआरडी और धार्मिक अल्पसंख्यकों को प्रतिबंधों, हिंसा, आपराधिक मानहानि का सामना करना पड़ता है और उन्हें हिरासत में डाल दिया जाता है और काफ़ी परेशान किया जाता है। और श्रीलंका में एचआरडी के लिए परिस्थितियाँ बहुत ही ख़राब होती जा रही हैं और यहाँ तक कि श्रीलंका ने फ़रवरी 2020 में मानवाधिकार परिषद के प्रस्ताव 30/1 और 40/1 से अपना पैर भी खींच लिया है। ये प्रस्ताव देश में मेलजोल, उत्तरदायित्व और मानवाधिकारों से संबंधित थे।

मानव अधिकारों के उच्चायुक्त मीशेल बैचेलेट ने नागरिक दायरे के बारे में सही कहा है कि “यह किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र और समाज की जीवन रेखा है”। लेकिन पूरी दुनिया में नागरिक दायरे पर हमले हो रहे हैं और लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, संगठन बनाने और शांतिपूर्वक सभा करने जैसे अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। प्रतिबंधात्मक कानूनों और प्रशासनिक प्रावधान दमन के प्रमुख तत्व रहे हैं और मानवाधिकारों का बचाव करनेवाले सबसे ज़्यादा इसके निशाने पर रहे हैं।

यह महत्त्वपूर्ण रिपोर्ट हमें इस बात की याद दिलाता है कि दक्षिण एशिया जहां दुनिया की एक-चौथाई जनसंख्या रहती है, यहाँ यह वैश्विक धारणा स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। हाल की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि इस क्षेत्र के 97% लोग ऐसी स्थिति में रहते हैं जहां नागरिक दायरे पर ‘पाबंदी’ लगी है और ऐसा करना इस दायरे को ‘बंद’ कर दिए जाने से सिर्फ़ थोड़ा ही बेहतर है। इस पूरे क्षेत्र में राज्य सत्ता अधिकाधिक रूप से प्रतिबंध लगाने, प्रतिबंधात्मक क़ानूनों, आपराधिक मानहानि, परेशान करने जैसी बातों का सहारा लेता है, विरोध प्रदर्शन करनेवालों को गिरफ़्तार कर लिया जाता है और एचआरडी को निशाना बनाया जाता है।

अंतरराष्ट्रीय क़ानून और राष्ट्रीय संविधानों में सुरक्षा का प्रावधान होने के बावजूद पहचान के आधार पर लोगों के साथ भेदभाव बरता जाता है और इससे अल्पसंख्यकों को सबसे ज़्यादा नुक़सान पहुँचाया जाता है। इन बातों की जड़ लोकतंत्र और क़ानून के शासन को पीछे धकेलने और लोकलुभावन नीतियों में आयी तेज़ी में है।

साउथ एशिया कलेक्टिव की 'दक्षिण एशिया अल्पसंख्यकों की स्थिति रिपोर्ट 2020 : अल्पसंख्यक और सिकुड़ता नागरिक दायरा' इस बात को तफ़सील से बताता है कि कैसे इस पूरे क्षेत्र में यह हो रहा है। इस रिपोर्ट में इस बात पर फ़ोकस किया गया है कि दक्षिण एशिया में बड़ी संख्या में रह रहे धार्मिक, नस्लीय भाषाई और जातीय अल्पसंख्यकों के लिए इसके क्या परिणाम होंगे और इसकी धारणा क्या होगी। इस रिपोर्ट में जो बातें सामने आयी हैं वे काफ़ी गंभीर हैं और इन पर ध्यान देना ज़रूरी होगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ देश जैसे भूटान में अभी भी नागरिक दायरे की परिकल्पना नयी बात है और यहाँ यह अभी पूरी तरह अपनी जड़ नहीं जमा पाया है, पर इस क्षेत्र में संगठन बनाने, सभा करने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की संवैधानिक गारंटी को पिछले दशक में कमजोर करने की आम धारणा दिख रही है।
इसके तहत एनजीओ और उनको मिलनेवाले विदेशी चंदों पर ज़्यादा निगरानी की बात शामिल है। दक्षिण एशिया के कुछ देशों जैसे अफ़ग़ानिस्तान, पाकिस्तान और भारत में एनजीओ को पंजीकरण या लाइसेंस के नवीनीकरण की अनुमति नहीं देने की आम धारणा देखी जा रही है।

हाल के वर्षों में यह भी देखा गया है कि कुछ क़ानूनों का प्रयोग समाज में मेलजोल में कमी और असंतोष को रोकने की आड़ में बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कम करने के लिए हो रहा है। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, और बांग्लादेश में अधिकारी बात-बात पर इंटरनेट बंद कर देते हैं विशेषकर रोहिंग्या शरणार्थियों के ख़िलाफ़ कठोर रुख़ अपनाए जाते हैं।

दुनिया के अन्य हिस्सों की तरह, कोविड-19 महामारी की आड़ में आम लोगों की स्वतंत्रता को सीमित किया जा रहा है और अधिकारियों ने एचआरडी पर और ज़्यादा प्रतिबंध लगा दिया है और महामारी को नियंत्रित करने और आपातकालीन क़दम उठाने के नाम पर क़ानूनों का सुरक्षात्मक उपकरण की तरह प्रयोग कर रहे हैं।

दक्षिण एशिया के अधिकांश देशों में संगठन बनाने, सभा करने और अभिव्यक्ति की संवैधानिक स्वतंत्रता दी गई है। भूटान को छोड़कर दक्षिण एशिया के सभी देशों ने नागरिक और राजनीतिक अधिकारों के अंतरराष्ट्रीय संधि (आईसीसीपीआर) पर भी हस्ताक्षर किए हैं जो 'मौलिक स्वतंत्रता' की गारंटी देते हैं। लेकिन इस क्षेत्र में इन स्वतंत्रताओं पर प्रतिबंध आम है और यह बढ़ता ही जा रहा है। मानव अधिकारों का बचाव करनेवालों (एचआरडी) को निशाना बनाने की घटना आम हो गई है।

हमें इस बात पर दुबारा ग़ौर करना है कि महामारी के दौरान और इसके समाप्त होने के बाद समाज कैसे बेहतर तरीक़े से काम कर सकता है। एचआरडी को इस संबंध में होनेवाले विमर्श के केंद्र में रखा जाना चाहिए। स्वस्थ नागरिक दायरा इस क्षेत्र में लोकतंत्र को मज़बूत और स्वस्थ बनाने में मदद करता है। और इस बारे में मौजूद धारणाओं और गतिविधियों का दस्तावेजीकरण करके और आवाज़ उठाकर और मानवाधिकार का बचाव करनेवालों की सुरक्षा के समर्थन का नारा बुलंद कर दक्षिण एशिया कलेक्टिव इस बारे में मुख्य नेतृत्वकर्ता की भूमिका अदा कर सकता है।

सारांश

I

भूमिका

1.1 दक्षिण एशिया में हर जगह सिविल सोसायटी (मीडिया, वक़ील, अभियानी, मानवाधिकार कार्यकर्ता, और एनजीओ) पर शिकंजा है – या तो यह एकदम हाल का मामला है क्योंकि इस क्षेत्र में लोकतांत्रिक हवा देर से बही या फिर यहां विकास या इसको संपोषित करने का इतिहास नहीं के बराबर रहा है और उसे बहुत ही मज़बूत चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र में सिविल सोसायटी की भूमिका में भी हाल में कई कारणों से अधिकाधिक रूप से कमी आने की धारणा दिख रही है और ऐसा लगता है कि 2014 का साल इन सभी बातों की शुरुआत का साल रहा है। लोकतंत्र-विरोधी अधिनायकवादी धारणा और क़ानून और उसकी प्रैक्टिस का प्रतिभूतिकरण इस धारणा के लिए मुख्य रूप से ज़िम्मेदार है। लोकतंत्र समर्थक, एचआरडी और अभियानी लोग प्रशासन की नज़र में गड़ रहे हैं क्योंकि वे राज्य की कार्रवाईओं पर सवाल उठाते हैं और उनके ख़िलाफ़ बोलते हैं। सिविल सोसायटी के दायरे में आयी कमी का सीधे-सीधे मतलब अल्पसंख्यकों से है और इसका एक कारण इस क्षेत्र में बहुसंख्यावादी धारणा का मज़बूत होना है।

1.2 यह रिपोर्ट – जो कि दक्षिण एशिया में अल्पसंख्यकों की वार्षिक रिपोर्ट की कड़ी में चौथी ऐसी रिपोर्ट है – इसमें दक्षिण एशिया में विशेषकर अल्पसंख्यकों के नागरिक दायरे पर फ़ोकस होता है। इस रिपोर्ट में इस बात की विशेष रूप से समीक्षा की जाती है कि दक्षिण एशिया के किसी विशेष देश में नागरिक दायरे को सीमित किया जा रहा है या नहीं और अगर हाँ, तो कैसे और क्यों और इस संदर्भ में फ़ोकस इस क्षेत्र के अल्पसंख्यकों पर होती है। यह रिपोर्ट इस बात पर भी प्रकाश डालता है कि नागरिक दायरे को इस तरह सीमित करने की क्या क़ीमत चुकानी पड़ रही है ख़ासकर इस क्षेत्र के अल्पसंख्यक समूहों को ।
नागरिक दायरे की विस्तृत और समावेशी परिभाषा में अन्य बातों के अलावा शामिल है सामाजिक सक्रियता/आंदोलन, ग़ैर-सरकारी और अंतरराष्ट्रीय ग़ैर-सरकारी संगठन, सिविल सोसायटी संगठन, मीडिया, अकादमिक और अभियानी। एक सक्रिय नागरिक दायरा (i) एक साथ मिल बैठने, (ii) शांतिपूर्वक सभा करने, और (iii) बेरोक-टोक अपना विचार और अपनी राय देने जैसी बातों पर निर्भर करता है। इसलिए, इस रिपोर्ट के हर अध्याय में कई तरीक़ों से इन तीन बुनियादी स्वतंत्राओं की स्थिति की समीक्षा की गई है। इसके लक्ष्य हैं –

1.3 अलग-अलग अध्यायों में देश स्तर के निष्कर्षों को रखा गया है और इन्हें अधिकतर डेस्क पर हुए शोधों और उस देश विशेष में अल्पसंख्यकों के नागरिक दायरे के बारे में प्रकाशित सामग्रियों के गहरे अध्ययन के आधार पर तैयार किया गया है। इन अध्यायों में नागरिक दायरों को विनियमित करनेवाले क़ानूनों और नीतियों की समीक्षा और उनके आकलन को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा पिछले कुछ वर्षों में प्रस्तावित विधेयकों का आकलन भी पेश किया गया है ताकि नागरिक दायरों और सिविल सोसायटी के बारे में सरकार के रुख को समझा जा सके। अफ़ग़ानिस्तान, भारत, पाकिस्तान और नेपाल के लिए कुछ प्राथमिक डाटा ऑनलाइन विशेषज्ञ सर्वेक्षण के आधार पर जुटाया गया ताकि इन देशों में सार्वजनिक दायरे के बारे में व्याप्त धारणा को समझा जा सके।
वैसे महामारी के कारण लगी पांबंदियों और अन्य वजह से बहुत कम लोग सर्वेक्षण में शामिल हो सके और इस वजह से विश्लेषण पर बहस की गुंजाइश है। महामारी के कारण अलग-अलग अध्यायों पर हुए शोध को अधिकांशतः ऑनलाइन उपलब्ध संसाधनों तक ही सीमित रखना पड़ा।

II

प्रमुख निष्कर्ष

2.1 भूटान में विशेषकर, नागरिक दायरे की बात नयी है। अमरीका के विदेश विभाग ने जो भूटान मानवाधिकार रिपोर्ट 2018 तैयार की है उसमें कहा गया है कि भूटान के लोग अपनी स्वतंत्रता के प्रयोग में सावधानी बरतते हैं क्योंकि अगर वे देश के शक्तिशाली व्यक्ति की आलोचना करेंगे तो उनके ख़िलाफ़ मानहानि का आरोप लागाया जा सकता है। यहाँ पर ईसाई मुख्य धार्मिक अल्पसंख्यक हैं और उनके साथ अभी भी भेदभाव बरता जाता है। पर राज्य के साथ इस मुद्दे को उठाने के लिए ईसाइयों ने अभी तक कोई व्यापक आधार वाल आंदोलन शुरू नहीं किया है। इसकी वजह शायद देश में ईसाइयों की कम संख्या है, अलग-अलग शाखाओं के ईसाइयों का संगठन बिखड़ा है और वहाँ विरोध प्रदर्शन की आज़ादी नहीं है।

2.2 पिछले एक दशक में पाकिस्तान, भारत, नेपाल, अफ़ग़ानिस्तान, श्रीलंका और भूटान में अभिव्यक्ति, सभा करने और सूचना की स्वतंत्रता के संवैधानिक अधिकारों को इन देशों की सरकारों ने क़ानून बनाकर सीमित कर दिया है और ये क़ानून ऐसे अधिकारों का उल्लंघन करते हैं। इसका एक उदाहरण है एनजीओ के पंजीकरण पर सरकार की कड़ी नज़र (इस पर अगले बिंदु में विस्तार से चर्चा है)। इसकी वजह से समय के साथ नागरिक दायरा सीमित होता जा रहा है और एनजीओ, प्रगतिकामी मीडिया संस्थनाओं और मानवाधिकार का बचाव करनेवालों के ख़िलाफ़ विरोध का माहौल बनता जा रहा है।

2.3 **संगठन बनाने का अधिकार:**
देशों के पास एनजीओ या अन्य संगठन के पंजीकरण या उसके नवीनीकरण की अनुमति नहीं देने और काम नहीं करने देने का अधिकार है ताकि ये देश उन पर निगरानी रख सकें; वे सरकार की आलोचना करनेवाले मीडिया संस्थानों पर शिकंजा डालने के लिए आवश्यक क़ानून बनाते हैं। भूटान में एनजीओ जनता की समस्याओं के लिए आवाज़ उठाने से बचते हैं क्योंकि उन्हें अपना पंजीकरण रद्द कर दिए जाने का ख़तरा होता है। फ़ीस लेकर हर साल प्रमाणपत्र का नवीनीकरण किया जाता है। भारत में सिविल सोसायटी के लोग – मानवाधिकार के लिए लड़नेवाले वक़ील, अभियानी, विरोध प्रदर्शन करनेवाले, अकादमिक, पत्रकार, उदारपंथी बुद्धिजीवी – ऐसे सब के सब लोग जिन्होंने सरकार की ज़्यादती और बहुसंख्यावाद के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाते रहे हैं, उन पर विशेषकर 2014 के बाद से ज़्यादा हमले हो रहे हैं। यह वह समय था जब भारतीय जनता पार्टी देश की सत्ता में आयी। भारत में संगठनों को मिलनेवाले विदेशी चंदों को विनियमित करनेवाले क़ानून विदेशी चंदा (विनियमन) अधिनियम 2010 का प्रयोग प्रगतिकामी और अल्पसंख्यकों से संबद्ध एनजीओ के

ख़िलाफ़ हथियार के रूप में किया जाता रहा है। बांग्लादेश मेंभी ऐसा ही एक क़ानून है फ़ॉरेन डोनेशन (वॉलुंटरी ऐक्टिविटीज़) रेग्युलेशन ऐक्ट, 2016 जिसके तहत ऐसे एनजीओ का पंजीकरण आवश्यक कर दिया गया है जो विदेशी चंदा लेना चाहते हैं।

पाकिस्तान में, एनजीओ और आईएनजीओ पर काफ़ी कड़ी नज़र रखी जाती है और इनके पंजीकरण और फ़ंडिंग की अनुमति प्राप्त करने के लिए व्यापक और लंबी प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है, सुरक्षा अनुमति सहित कई बातों के लिए एक से अधिक जगह से अनुमति लेनी होती है। यह पूरी प्रक्रिया काफ़ी अपारदर्शी होती है और इसमें इस बात की व्यवस्था बहुत सीमित होती है कि आम नागरिक भी इस पर नज़र रख सके जिसकी वजह से एनजीओ पंजीकरण के आवेदन को मनमाने तरीक़े से रद्द कर दिया जाता है और जिससे उनके कामकाज पर काफ़ी पाबंदी लग जाती है। नेपाल में भी इस बारे में वर्तमान क़ानून काफ़ी बोझिल है और जो नया विधेयक प्रस्तावित है वह अगर पास हो जाता है तो यह नागरिक दायरे को काफ़ी सीमित कर देगा। अफ़ग़ानिस्तान में एनजीओ के बारे में जो क़ानून है उसमें "पुनः पंजीकरण" का एक बोझिल प्रावधान है जो सरकार को यह अधिकार देता है कि वह किसी विशेष एनजीओ के पंजीकरण से मना कर दे जिसकी वजह से उसे वहाँ से खुद ही हटना पड़ता है। श्रीलंका में 2015 से 2019 यहापलानाया (सुशासन) के दौरान नागरिक अधिकारों को बहुत ज़्यादा सीमित किया गया और क़ानून का प्रयोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने के लिए किया गया और इसी दौरान यह भी देखा गया कि जो नस्लीय-धार्मिक समूहों के ख़िलाफ़ घृणा फैला रहे थे और हिंसा को भड़का रहे थे उनके ख़िलाफ़ इस क़ानून का प्रयोग करने में शासन विफल रहा। सैन्यकरण जिसे पिछली सरकार के शासन के दौरान अस्थायी रूप से रोक दिया गया था, वर्तमान सरकार ने उसे तेज कर दिया और सेना नागरिक मामलों और क़ानून को लागू करने में भी ज़्यादा दख़ल देने लगी है। इसकी वजह से सिविल सोसायटी की स्वतंत्रता प्रभावित हुई है।

2.3 **सभा करने की स्वतंत्रता:**

धार्मिक अल्पसंख्यकों के ख़िलाफ़ हिंसा का प्रयोग रणनीतिक रूप से कट्टरपंथी और वर्चस्ववादी राष्ट्रीय धारणा को लागू करने लिए होता है। भारत में, अल्पसंख्यक-विरोधी नीतियों के ख़िलाफ़ किसी भी तरह की मतभिन्नता को दबाने के लिए शासन ने बहुत ही प्रभावी ढंग से सैनिक शासन को लागू कर दिया है – मुसलमान-बहुल राज्य कश्मीर में नागरिक दायरे को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है और कश्मीर या अन्य किसी भी स्थान पर अल्पसंख्यक-विरोधी नीतियों का विरोध करनेवाले मुसलमानों और अन्य समूहों तक कठोरता से सीमित कर दिया है। पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए सार्वजनिक विरोध के विकल्प का रास्ता बंद है क्योंकि अधिकांश को उग्रवादियों से हमले का डर होता है। ईसाई यहाँ प्रभावी रूप से इकट्ठा नहीं हो सकते और प्रार्थना नहीं कर सकते क्योंकि महानगरों के बाहर गिरजाघरों का पुरज़ोर विरोध हो रहा है। नेपाल में ईसाई मत से जुड़े एनजीओ की शिकायत है कि उनके ख़िलाफ़ काफ़ी जाँच पड़ताल की जाती है विशेषकर तब जब वे ईसाई मत के लोगों को नौकरी पर रखना चाहते हैं क्योंकि जिस तरह का काम ऐसे लोगों से लेना होता है इसके लिए ज़रूरी होता है कि उनके पास इस मत और इसको

मानने से संबंधित जानकारी हो। श्रीलंका में 21 अप्रैल 2019 को ईस्टर के मौक़े पर हुए हमले केबाद मुसलमानों के साथ भेदभाव होने लगा है, उन्हें परेशान किया जाने लगा है, उनको मनमाने तरीक़े से गिरफ़्तार कर लिया जाता है, जेल में डाल दिया जाता है और उनके ख़िलाफ़ हिंसा भी होती है। अफ़ग़ानिस्तान में जुलाई 2018 में जलालाबाद में एक आत्मघाती हमला हुआ जिसमें वहाँ के सिख और हिंदू समुदाय के लोगों को निशाना बनाया गया था। इस हमले में 19 लोगों की मौत हो गई थी जिसमें आगामी संसदीय चुनावों में हिंदू-सिख समुदाय के एकमात्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़नेवाले ओत्तर सिंह खालसा भी शामिल थे।

2.5 **अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता:**
इस क्षेत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी ज़्यादा पाबंदी लगायी जा रही है। इसका एक उदाहरण है इंटरनेशनल कवनंट ऑन सिविल एंड पोलिटिकल राइट्स (आईसीसीपीआर) अधिनियम जिसका प्रयोग श्रीलंका में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गला दबाने और आलोचकों की ज़ुबान पर पाबंदी लागाने के लिए किया जाता है न कि जातीय/धार्मिक तनाव फैलानेवाले के ख़िलाफ़ क़ानूनी कार्रवाई करने या उन्हें गिरफ़्तार करने के लिए। अफ़ग़ानिस्तान में, मास मीडिया लॉ (एमएमएल) 2009 अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मज़बूत बनाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम हो सकता था पर इसमें एक प्रावधान है जिसके तहत इस्लाम को मानने की बाध्यता है। हाल के वर्षों में एमएमएल को सरकार ने मीडिया के अधिकारों को कुचलने के लिए हथियार की तरह प्रयोग किया है। बांग्लादेश में भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर बहुत सारे प्रतिबंध हैं विशेषकर वहाँ के डिजिटल सिक्योरिटी ऐक्ट 2018 को देखते हुए। इस क़ानून के तहत अगर आप किसी वेबसाइट या किसी इलेक्ट्रॉनिक प्लैट्फ़ॉर्म पर जानबूझकर फ़र्ज़ी, भड़काऊ, अशोभनीय या संवेदनशील सूचनाएँ डालते हैं जिससे किसी की मानहानि होती है और जिसकी वजह से देश में विनियमन को नुक़सान पहुँचता है, स्थिति बिगड़ती है, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचती है तो यह एक दंडनीय अपराध होगा। भूटान में, राष्ट्रीय सुरक्षा क़ानून के तहत अगर ऐसा कोई भाषण दिया जाता है जिससे 'लोगों में घृणा और असंतोष' पैदा होता है या पैदा करने की कोशिश की जाती है या जिससे अन्य अपराधों के अलावा 'आम लोग औरसरकार के बीच ग़लतफ़हमी या शत्रुता' पैदा होती है तो इसके लिए जेल की सज़ा हो सकती है।

भारत में, जो लोग नागरिकता संशोधन क़ानून 2019 के ख़िलाफ़ आवाज़ उठा रहे हैं या कश्मीर में हुए संवैधानिक बदलावों का विरोध कर रहे हैं उनके ख़िलाफ़ अधिकारियों ने देशद्रोह क़ानून और बहुत ही कठोर ग़ैरक़ानूनी गतिविधियाँ (निवारण) अधिनियम, 1967 और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 के तहत मुक़दमा दायर कर दिया है। टीवी न्यूज़ चैनलों पर प्रतिबंध के भी कई उदाहरण देखे गए हैं – ऐसे चैनलों को निशाना बनाया गया जिन्होंने सरकार के ख़िलाफ़ विचारों को प्रसारित किया। हाल की एक रिपोर्ट के अनुसार, 25 मार्च और 31 मई 2020 के बीच राष्ट्रीय स्तर पर कोविड-19 के कारण लागू लॉकडाउन के दौरान, कम से कम 55 भारतीय पत्रकारों को गिरफ़्तार किया गया, उन पर हमले हुए, उनकी संपत्ति को नुक़सान पहुँचाया गया, उन्हें धमकियाँ मिलीं और उनके ख़िलाफ़

प्राथमिकी दर्ज कराए गए। नेपाल में मीडिया काउंसिल बिल में सितम्बर 2019 में एक संशोधन काप्रस्ताव किया गया जिसमें 'पत्रकारों के लिए लाइसेंस' के प्रावधान को शामिल करने की बात कही गई है। इसके तहत सभी पत्रकारों को एक परीक्षा पास करनी होगी और इसे देश में प्रेस को स्वतंत्र रूप से काम करने देने के रास्ते में एक और बाधा माना जा रहा है। आपराधिक संहिता 2018 में जो संशोधन हुआ है उससे भी नेपाल में पत्रकारों के कामकाज पड़ असर पड़ेगा और अगर नयी आपराधिक संहिता के तहत किसी पत्रकार ने 'गोपनीय' समझी जानेवाली कोई सूचना प्रकाशित कर दी तो उसे तीन साल तक की क़ैद की सजा और जुर्माना देना पड़ सकता है।

2.6 **धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाना:**

विशेषकर धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए नागरिक दायरों को सीमित कर दिया गया है। उदाहरण के लिए : पाकिस्तान में ऐसे वक़ील जो मानवाधिकार कार्यकर्ता के रूप में काम करते हैं विशेषकर वे लोग जो ईश निंदा के मामले में किसी अल्पसंख्यक के अधिकारों की क़ानूनी लड़ाई लड़ते हैं। यहाँ के ईसाई और अन्य अल्पसंख्यक वकीलों को लगातार धमकियाँ मिलती रहती हैं। पाकिस्तान में ईश निंदा क़ानून का प्रयोग धार्मिक अल्पसंख्यकों के ख़िलाफ़ हिंसा भड़काने के लिए किया गया है। इस तरह की रिपोर्ट है कि नेपाल में ईसाइयों को राज्य से मिलने वाले लाभों से वंचित किया जा रहा है और उन्हें परेशान किया जाता है, विशेषकर ग्रामीण इलाक़ों में। जहां तक भारत की बात है, यह मुसलमान अल्पसंख्यकों के लिए ख़तरनाक और हिंसक स्थान बन गया है। दिसंबर 2019 में नागरिकता अधिनियम में संशोधन किया गया जिसकी वजह से देश में ग़ैरक़ानूनी प्रवासियों के आने का रास्ता साफ़ हो गया है और इस योजना से मुसलमानों को विशेष रूप से अलग रखा गया है। इस क़ानून को बनाते हुए सरकार ने यह घोषणा भी की कि वह भारतीय नागरिकों का एक राष्ट्रीय रजिस्टर (एनआरआईसी) बनाने जा रही है।

2.7 **मानवाधिकारों का बचाव करनेवालों पर निशाना :**

अफ़ग़ानिस्तान में, सभा करने को लेकर जो क़ानून पास किया गया है उसके तहत लोगों के जमा होने और विरोध प्रदर्शन करने पर काफ़ी हद तक प्रतिबंध लगाने की बात कही गई है जो कि एचआरडी के लिए बहुत ही चिंता की बात है। अफ़ग़ानिस्तान में भी 2014 के बाद से राज्य और ग़ैर-शासकीय लोगों की ओर से मानवाधिकार का बचाव करनेवालों, सिविल सोसायटी के कार्यकर्ताओं और पत्रकारों पर हमले, उनको मिलनेवाली धमकियों, उनको परेशान करने, जेल में बंद कर देने और मार दिए जाने की घटनाओं में काफ़ी इज़ाफ़ा हुआ है। बांग्लादेश में सिविल सोसायटी संगठनों और मानवाधिकार का बचाव करनेवालों के लिए हालात बहुत ही प्रतिकूल हैं क्योंकि मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 2012 से 2017 के बीच पुलिस में साइबर अपराधों के कुल 1,417 मामले दर्ज कराए गए, अकेले ढाका में ही 1,492 लोगों को इन वर्षों के दौरान गिरफ़्तार किया गया और 490 मामलों की अभी भी जाँच हो रही है। इन मामलों को मानवाधिकार का बचाव करनेवालों पर अत्याचार के रूप में देखा जा रहा है। भारत में भी मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के ख़िलाफ़ सरकारी एजेंसियाँ और इनसे नज़दीकी रखनेवाले ख़ास विचारधारा से ताल्लुक़ रखनेवाले समूहों की ओर से धमकियां दी जाती हैं

और उनके ख़िलाफ़ अभियान चलाया जाता है। जिन लोगों को ये धमकियाँ दी जा रही हैं उनमें शामिल हैं वे लोग जो सबसे ग़रीब और देश में सर्वाधिक हाशिए पर मौजूद दलित और आदिवासियों के लिए काम करते हैं और मुसलमानों के ख़िलाफ़ भेदभाव को चुनौती देते हैं। पाकिस्तान में जो पत्रकार, लेखक और मानवाधिकार कार्यकर्ता अपनी आवाज़ उठाते हैं और अल्पसंख्यकों के अधिकारों का समर्थन करते हैं या सिर्फ़ यह कहते हैं कि बोलने की आज़ादी पर पाबंदी है उनके ख़िलाफ़ विरोध बढ़ रहा है, उनको परेशान किया जाता है, उन्हें धमकियाँ दी जाती हैं और उनकी गतिविधियों को आपराधिक करार दे दिया जाता है। फ़्रंटलाइन डिफ़ेंडर्स के अनुसार, पाकिस्तान में मानवाधिकारों का समर्थन करनेवाले 371 लोगों पर ख़तरा मंडरा रहा है। श्रीलंका में भी, मानवाधिकारों का बचाव करनेवालों के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल नहीं हैं और इसकी हद तो तब हो गई जब सरकार ने 27 फ़रवरी 2020 को घोषणा की कि श्रीलंका मानवाधिकार परिषद के प्रस्ताव 30/1 और 40/1 से खुद को अलग कर रहा है।

2.8 **अंतरराष्ट्रीय संधियाँ:**

कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने दक्षिण एशिया के कई देशों में अल्पसंख्यकों की स्थिति की समीक्षा की है और अपने सुझाव दिए हैं पर अधिकारियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है। 8 अप्रैल 2018 को बांग्लादेश में विधि आयोग के सुझावों के तीन साल बाद एनएचआरसी ने भेदभाव निवारण अधिनियम (इलिमिनेशन ऑफ़ डिस्क्रिमिनेशन ऐक्ट) का एक प्रारूप भेजा था। आयोग ने 2014 में सरकार से ऐसा क़ानून बनाने को कहा था जिससे समाज में वंचितों के ख़िलाफ़ भेदभाव को ख़त्म किया जा सके। पर पिछले तीन सालों से अभी तक इसकी समीक्षा ही हो रही है और इस वजह से इससे संबद्ध पक्षों में हताशा पैदा हो गई है। इसी तरह, संयुक्त राष्ट्र की कई संस्थाओं ने भारतीय अधिकारियों को अति आवश्यक संदेश भेजकर अधिकारों पर पाबंदी, मानवाधिकारों का बचाव करनेवालों – कश्मीर में हो रहे इन अधिकारों के उल्लंघन, नागरिकता संशोधन अधिनियम के ख़िलाफ़ प्रदर्शन और दलितों और आदिवासियों को निशाना बनाने के संदर्भ में – के अधिकारों की रक्षा के लिए कार्रवाई करने को कहा पर अधिकारियों की ओर से इस बारे में कोई उपयुक्त कार्रवाई किया जाना अभी भी शेष है।

2.9 **कोविड-19 महामारी :**

कोविड-19 महामारी के कारण नागरिकों की स्वतंत्रता पर हमले और बढ़ गए हैं और इनको बहुत ही सलीके से सीमित कर दिया गया है। कई देशों में सरकारों ने एनजीओ की भूमिकाओं को नज़रंदाज़ किया है और इसके लिए उन पर अनावश्यक नियंत्रण बढ़ाया है और महामारी से निपटने में उनकी भूमिका पर सवाल उठाया है। महामारी ने सरकारों को अपने राजनीतिक विरोधियों में चुनिंदा आधार पर ख़ामियों की तलाश कर उनके ख़िलाफ़ बदले की कार्रवाई का मौक़ा भी दिया है। फिर, अधिकांश देशों में महामारी ने दिहाड़ी मज़दूरों और कम आय वाले लोगों की आजीविका छीन ली है और इनमें से अधिकांश लोग अपने-अपने देशों में अल्पसंख्यक हैं। महामारी से निपटने के अपने-अपने सरकारों की आम लोगों की आलोचना को बहुत ही बेरहमी से दबा दिया गया है।

2.10 **निष्कर्ष:**

इस तरह, यह साफ़ स्पष्ट हो जाता है कि अल्पसंख्यकों, विशेषकर धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए नागरिक दायरा सीमित होता जा रहा है। अलग-अलग देशों की सरकारों ने अपने नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सभा करने पर पाबंदी लगाने के लिए प्रतिबंधात्मक क़ानूनों और विनियमनों सहित कई तरह के क़दम उठाए हैं। मानवाधिकारों की रक्षा करनेवालों धार्मिक अल्पसंख्यकों को विशेष रूप से निशाना बनाया जा रहा है। कोविड-19 महामारी ने नागरिक दायरे को और ज़्यादा सीमित कर दिया है क्योंकि सरकारें संगठनों और व्यक्तियों पर ज़रूरत से ज़्यादा अनावश्यक नियंत्रण कर रही है। इस बात की आशंका बढ़ गई है कि महामारी को नियंत्रित करने के लिए जो नियम क़ानून बनाए गए हैं वे महामारी समाप्त हो जाने के बाद आगे कहीं अनिश्चितकाल के लिए जारी न रह जाए और अगर ऐसा होता है तो नागरिक दायरा और ज़्यादा सीमित हो जाएगा।

III

प्रमुख सुझाव

राष्ट्रीय सरकारों के लिए

i. देश ने जिन अंतरराष्ट्रीय संधियों के प्रति प्रतिबद्धता जतायी है उसे माना जाए।
ii. देश के विभिन्न तरह के क़ानूनों में जो क़ानूनी विरोधाभासहैं उन्हें दूर किया जाए और इन्हें अंतरराष्ट्रीय संधियों के अनुरूप किया जाए जिस पर देश ने हस्ताक्षर किए हैं ।
iii. वर्तमान क़ानूनों में विशेषकर ऐसे प्रावधानों को हटा दें जिसकी वजह से सिविल सोसायटी के संगठनों को देश में पंजीकरण कराने, उसका नवीनीकरण करने और अपने मनोनुकूल काम करने में मुश्किल होती है।
iv. अगर संविधान में ऐसा प्रावधान पहले से नहीं है तो अल्पसंख्यकों को मान्यता दी जाए और अल्पसंख्यकों के ख़िलाफ़ हर तरह के भेदभाव को आपराधिक करार देने का संवैधानिक प्रावधान सुनिश्चित किया जाए।
v. परिस्थिति को अनुकूल बनाएँ और मानवाधिकार का बचाव करनेवालों (एचआरडी) और नागरिक दायरे में काम करनेवाले लोगों को प्रभावी सुरक्षा दें और इसके लिए सीएसओ और मानवाधिकार संगठनों सहित सभी साझीदारों से परामर्श करे।
vi. धार्मिक अल्पसंख्यकों और अल्पसंख्यकों के नागरिक दायरे को दी जानेवाली धमकियों के कारणों और एक स्वतंत्र लोकतांत्रिक समाज की मौलिक बातों को नष्ट करने पर आमादा कट्टरपंथी आवाज़ को बंद करने के लिए प्रभावी और समग्र कार्रवाई करे।
vii. बढ़ते आतंकवाद और तेज़ी से फैल रही हिंसा से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए, मामले की निष्पक्ष जाँच करायी जाए और उन लोगों को सज़ा दिलायी जाए जो धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमले के लिए ज़िम्मेदार हैं ताकि इन अपराधों से संबंधित निर्भयता की संस्कृति को समाप्त किया जा सके।
viii. एचआरडी की परिस्थितियों को लेकर यूएन के विशेष दूत देश को जो सुझाव भेजते हैं उसे और अन्य रिपोर्टों से संबंधित सभी सुझावों को लागू करे।
ix. सुनिश्चित करें कि कोविड -19 महामारी किसी भी तरह से दीर्घ काल के लिए नागरिक दायरे पर पाबंदी के रूप में तब्दील न हो जाए।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए

i.दक्षिण एशिया में नागरिक और राजनीतिक अधिकारों के उल्लंघन की घटनाओं पर यूएन और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ ज़्यादा ध्यान दे यह सुनिश्चित किया जाए।
ii. दक्षिण एशिया में क्षेत्रीयप्रयासों और प्रक्रियाओं के विकास को संभव बनाया जाए ताकि इस क्षेत्र में नागरिक दायरे पर विभिन्न तरह की पाबंदियों से निपटा जा सके।

सिविल सोसायटी/अल्पसंख्यक समूहों के लिए

i. क्षेत्रीय सिविल सोसायटी प्रयासों को सुनिश्चित किया जाए ताकि राष्ट्रीय निकायों के प्रतिबंधों को पीछे धकेला जा सके।
ii. सीमा पार के देशों के साथ एकता को और ज़्यादा मज़बूत करनेऔर अलग-अलग देशों में निशाना बनाए गए उत्पीड़ित व्यक्तियों के लिए ज़्यादा समर्थनव्यक्त करने के लिए उपायों को सक्षम किया जाए।
iii. सीमा पार के देशों में विभिन्न समूहों के साथ सूचनाओं और समझ को ज़्यादा से ज़्यादा साझा किया जाए।

भारत में नागरिक दायरे का सिमटना

लोकतंत्र के पाँव समेटने के बीच अल्पसंख्यकों पर हमले [1]

सिटीजेंस अगैंस्ट हेट, भारत

1: सिटीजेंस अगैंस्ट हेट दिल्ली स्थिति संस्था है जो धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और लोगों का ख़याल रखनेवाले भारत के निर्माण में विश्वास रखता है। इसके सदस्यों में अकादमिक, क़ानून, व्यवसाय, मीडिया और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग शामिल हैं। देखें: http://citizensagainsthate.org/.

भूमिका

नागरिक दायरा जनता की जगह है जहां वे बेरोक-टोक इकट्ठा होते हैं और विचारों का आदान-प्रदान करते हैं। भारत में 30 लाख से अधिक सिविल सोसायटी संगठन (सीएसओ) हैं और यह देश ऐसतिहासिक रूप से कई तरह के सामाजिक आंदोलनों का गवाह रहा है जिसने यहाँ सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों की रक्षा की है और सरकारों को उनकी ग़लतियों के लिए ज़िम्मेदार ठहराया है। लोकतंत्र में स्थायित्व ने इसे मज़बूत किया है। इन्हीं बातों ने भारत को 'दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र' का ख़िताब दिलाया है।

वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के बाद देश में नागरिक दायरे पर काफ़ी चोट किया गया है और इसको काफ़ी सीमित कर दिया गया है। सरकार के ख़िलाफ़ बोलनेवाले मानवाधिकार अभियानियों, वकीलों, विरोधियों, अकादमिकों, पत्रकारों उदारवादी बुद्धिजीवियों एवं दूसरे लोगों पर हमले हुए हैं। यही कारण है कि इस क्षेत्र में भारत अंतरराष्ट्रीय मानदंडों पर काफ़ी पिछड़ गया है।

तालिका 1 प्रमुख वैश्विक 'नागरिक दायरा' सूचकांक में भारत का प्रदर्शन, *2014-2020*

सूचकांक	**कारक/मानदंड/सिद्धांत**	**वैश्विक स्थिति** (पूर्व में)	**वैश्विक स्थिति** (नवीनतम)
सिविकयूएस मॉनिटर का राष्ट्रीय नागरिक दायरा रेटिंग	संगठित होने, शांतिपूर्वक सभा करने,अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता	'बाधित' (2014)	'दमित' (2019)
द इकॉनमिस्ट इंटेलिजेन्स यूनिट का लोकतंत्र सूचकांक	चुनावी प्रक्रिया और बहुलवाद; सरकार का कामकाज; राजनीतिक भागीदारी; राजनीतिक संस्कृति; नागरिक स्वतंत्रता	27/167 (2014)	51/167 (2020)
फ्रीडम हाउस का दुनिया में स्वतंत्रता रिपोर्ट	राजनीतिक अधिकार; चुनावी प्रक्रिया; राजनीतिक बहुलवाद एवं भागीदारी; सरकार का कामकाज; नागरिक स्वतंत्रता: अभिव्यक्ति और विश्वास की स्वतंत्रता, संघ संबंधित और सांगठनिक अधिकार; क़ानून का शासन; निजी स्वायत्तता एवं व्यक्तिगत अधिकार	भारत का स्थान: 77/100 - Free (2017), भारतीय -कश्मीर स्थान: 50/100 - आंशिक रूप से स्वतंत्र (2017)	भारत का स्थान: 71/100 – स्वतंत्र (2020), भारतीय-कश्मीर स्थान: 28/100 – स्वतंत्र नहीं (2020)
वर्ल्ड जस्टिस प्रोजेक्ट का क़ानून का शासन सूचकांक	सरकार की शक्तियों पर पाबंदी; भ्रष्टाचार का नहीं होना; खुली सरकार; मौलिक अधिकार; व्यवस्था और सुरक्षा; विनियामक प्रवर्तन; नागरिक न्याय; आपराधिक न्याय	**59** (2015)	**69** (2020)
रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्ज़ का विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक	बहुलवाद; मीडिया की स्वतंत्रता; पर्यावरण और स्व-प्रतिबंध; विधायी फ्रेमवर्क; पारदर्शिता; बुनियादी सुविधा; दुरुपयोग	**140**/180 (2015)	**142**/180 (2020)

बीजेपी के 2019 में दुबारा सत्ता में आने के बाद स्थिति और गंभीर हुई है। न्याय से जुड़े संस्थान कार्यपालिका की ओर से होनेवाले अतिक्रमण पर लगाम लागाने के बजाय उसकी मदद कर रहे हैं। अभी हाल का वाक़या है कि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने भारत के मुख्य न्यायाधीश के ख़िलाफ़ ट्वीट किया तो उनके ख़िलाफ़ आपराधिक मानहानि का मुक़दमा क़ायम कर दिया गया।

नागरिक दायरा, लक्ष्य और शोध

संविधान का अनुच्छेद 19(1)(a) देश के सभी नागरिकों को बोलने और अभिव्यक्ति की आज़ादी देता है। इसके तहत नागरिकों को शांतिपूर्वक जमा होने और बिना हथियार के सभा करने का अधिकार दिया गया है। अनुच्छेद 19(1)(c) में कहा गया है कि सभी नागरिकों को संघ बनाने का अधिकार है। नागरिक दायरे के अधिकार की गारंटी इंटरनेशनल कवनंट ऑन सिविल एंड पोलिटिकल राइट्स (आईसीसीपीआर), 1976 के अनुच्छेद 19, 21 और 22 के तहत भी दिया गया है और भारत ने इस पर हस्ताक्षर किया है। पर नागरिकों के इन अधिकारों पर हमले कर भारत इन संधियों को तोड़ रहा है और लोकतंत्र के वादे से मुकर रहा है। यही कारण है कि आज भारत को ‘दुनिया का सबसे असहिष्णु लोकतंत्र’ कहा जाता है।

लक्ष्य

- भारत में नागरिक दायरे को संकुचित किए जाने की प्रक्रिया का मानचित्रण; इसके कारण; लोकतंत्र के वादे से तेज़ी से मुकरने के कारण; मतभेद को दबाने के लिए क्या किए जा रहे हैं; और यह भी पता करना कि लोकतांत्रिक संरचना में जिस संवैधानिक और क़ानूनी सुरक्षात्मक उपायों की व्यवस्था की गई है उसे किस तरह से तोड़ा गया है जिसकी वजह से लोकतंत्र पीछे की ओर खिसक रहा है।
- यह भी पता करना कि नागरिक दायरे को बंद करने की क़ीमत देश के लिए और विशेषकर अल्पसंख्यक समूहों के लिए क्या है। प्रक्रिया और शोध इसके तहत संगठन बनाने, शांतिपूर्वक सभा करने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बहुसंख्यावाद और अधिनायकवादी प्रवृत्ति के बढ़ते प्रभाव के संदर्भ में जाँच की गई है क्योंकि अल्पसंख्यकों का इससे सीधा संबंध है। विशेषकर मुसलमानों के लिए नागरिक दायरे को सीमित करने की बात की इन्हीं संदर्भों में जाँच की गई है। इस रिपोर्ट का समापन मुसलमान बहुल कश्मीर में नागरिक दायरे को सीमित करने की बात की जाँच से की गई है।

एनजीओ पर क़ानूनी और प्रशासनिक शिकंजे के लिए सरकार ने क्या किया है इसकी भी इस रिपोर्ट में पड़ताल की गई है। प्रेस पर लगाए प्रतिबंधों और पत्रकारों को डराने-धमकाने से लेकर सूचना के अधिकार और पारदर्शिता पर लगे प्रतिबंधों की जाँच की गई है। रिपोर्ट में इस बात की तहक़ीक़ात भी की गई है कि सत्ता में बैठे लोगों ने लोकतांत्रिक मतभेद और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने के लिए किस तरह राज्य और समाज को लामबंद किया है। और अगस्त 2020 में पत्रकारों,

अकादमिकों, शोधकर्ताओं, अवकाशप्राप्त नौकरशाहों, अधिकारों की लड़ाई लड़नेवाले वकीलों, अभियानियों और राजनीतिक टिप्पणीकारों के बीच एक सर्वेक्षण किया गया था कि उक्त तीनों अधिकारों के बारे में भारत में किस तरह की धारणा रही है और इस बारे में उनकी राय ली गई।

इस रिपोर्ट में विषय के विशेषज्ञों, एनजीओ, सिविल सोसायटी के लोगों और सबसे निचले स्तर पर काम करनेवाले एचआरडी से बात की गई है। अल्पसंख्यक समूहों और उनका बचाव करनेवालों पर प्रभाव का आकलन इससे संबंधित रिपोर्टों और दस्तावेज़ों के अध्ययन से किया गया है। रिपोर्ट में नागरिकता संशोधन विधेयक के ख़िलाफ़ हुए विरोध प्रदर्शन की भी चर्चा की गई है जो कि मुख्य रूप से मुसलमानों द्वारा चलाया गया था और जो राज सत्ता के सामने निडर होकर खड़े होने को लेकर उनके नए आत्मविश्वास और उनमें नयी ऊर्जा के संचार का संकेत देता है। रिपोर्ट में मुस्लिम-बहुल राज्य कश्मीर में मानवाधिकारों के हनन और नागरिक दायरों को संकुचित किए जाने की चर्चा भी है।

भारत में नागरिक दायरे का बढ़ता संकुचन बीजेपी के सत्ता में आने के साथ ही वर्ष 2014 से भारत में नागरिक दायरे पर हमला बढ़ गया है। यह पार्टी हिंदू बहुसंख्यावाद को अपनी स्थापना के समय से ही बढ़ावा देती आ रही है और यह देश के संविधान और उसकी राजनीति के धर्मनिरपेक्ष और समावेशी चरित्र हमले करती रही है। वह नव-उदारवादी नीति पर काम करती है और ऐसी आर्थिक नीतियों को आगे बढ़ाती है जो व्यवसायियों को लाभ पहुँचाता है। 2014 और उसके बाद 2019 में दुबारा चुने जानेवाले नरेंद्र मोदी की 2002 में गुजरात दंगों में मुसलमानों के क़त्लेआम में महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है और वे समाज में फूट डालनेवाले व्यक्ति रहे हैं।

मोदी की ख्याति लोकतांत्रिक संस्थानों को कमजोर करनेवाले के रूप में रही है। गुजरात में मुख्यमंत्री रहने के समय से लेकर केंद्र में प्रधानमंत्री के रूप में भी उन्होंने अधिनायकवादी व्यवस्था को मज़बूत किया है और लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहरेदारी करनेवाली संस्थाओं की कमर तोड़ दी है। सिविकस की 2017 की एक रिपोर्ट में कहा गया कि लोकतांत्रिक असहमति के नागरिकों के अधिकार को प्रतिकूलतः प्रभावित किया है और इसकी वजह से लोकतंत्र की गुणवत्ता में ह्रास हुआ है।सरकार का विरोध करनेवाले सीएसओ के पंजीकरण की अनुमति नहीं दी जाती है और उन्हें तरह-तरह से परेशान किया जाता है। सरकार की नीतियों की आलोचना करनेवाले एनजीओ को विदेशी चंदा प्राप्त करने से रोका जा रहा है और उनके खाते को निलंबित कर दिया जाता है जिसकी वजह से वे अपने खाते से पैसे भी नहीं निकाल सकते। सरकार की नीतियों पर सवाल उठानेवालों पर नज़र रखी जा रही है, उन्हें शारीरिक नुक़सान पहुँचाने की धमकियाँ दी जा रही है। सरकार का विरोध करनेवालों के ख़िलाफ़ दुष्प्रचार करने के लिए मीडिया के एक ऐसे वर्ग का प्रयोग किया जाता है जो सरकार का साथ देता है। सरकार की नीतियों के ख़िलाफ़ लिखनेवाले पत्रकारों को भी नहीं बख्शा जा रहा है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गला दबाने के लिए हर तरह का हथकंडा सरकार अपनाती है। एनजीओ पर यह हमला 2014 में केंद्र में सरकार बनाने के बाद ही बीजेपी ने शुरू कर दिया था। आईबी को इनके बारे में रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया था और इसी को आधार बनाकर उनके

ख़िलाफ़ कार्रवाई की गई। पीएमओ को सौंपी 'विकास पर एनजीओ का असर' नामक रिपोर्ट में कहा गया कि विदेशी चंदा लेनेवाले एनजीओ की वजह से जीडीपी के विकास पर 2-3 प्रतिशत तक का नकारात्मक असर पड़ा है। इस रिपोर्ट में विशेषकर ग्रीनपीस का उल्लेख किया गया और उसकी गतिविधि को राष्ट्रीय आर्थिक सुरक्षा के लिए ख़तरनाक बताया गया। 2016 में मोदी ने दावा किया कि एनजीओ उनके ख़िलाफ़ साज़िश कर रहे हैं।

एनजीओ को वर्तमान सरकार ने बड़े पैमाने पर निशाना बनाया है और रिपोर्ट के अनुसार उसने संदिग्ध विदेशी निवेशों से निपटने के लिए 'विघटनकारी'एनजीओ के ख़िलाफ़ अभियान छेड़ दी है। एनजीओ द्वारा उठाए जानेवाले मुद्दों को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है और इसे वे 'चौथी पीढ़ी की लड़ाई' बताते हैं और यह भीकहते हैं कि पाकिस्तान की ख़ुफ़िया एजेंसियाँ भारत में सिविल सोसायटी को निशाना बना रही हैं। सरकार ने विदेशी चंदा लेने के बारे में क़ानून को बदल दिया है और इसने भारत के एनजीओ सेक्टर के लिए अस्तित्व का संकट पैदा कर दिया है।

संगठन बनाने के अधिकार को सीमित करना

एनजीओ का पंजीकरण

यह पाया गया है कि सीएसओ को निशाना बनाने के लिए सरकार ने कई तरह के हथकंडे अपनाए हैं। इनके पंजीकरण को किसी व्यावसायिक प्रतिष्ठान के पंजीकरण से भी ज़्यादा कठिन बना दिया गया है। ऐसे कई मामले हुए हैं जब सीएसओ के लाइसेंस को रद्द कर दिया गया या निलंबित कर दिया गया और उनके नवीनीकरण की अनुमति नहीं दी गई।

सीएसओ अल्पसंख्यक, दलित, आदिवासी, महिला और बहिष्करण झेल रहे समूहों और मानवाधिकार हनन के शिकार लोगों को क़ानूनी मदद देते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इनको मानने संबंधी संधि पर हस्ताक्षर करने के बावजूद बीजेपी की सरकार की इन सामाजिक, राजनीतिक और मानवीय मूल्यों के प्रति कोई श्रद्धा नहीं है और इस क्षेत्र में काम करनेवाले लोग हमेशा ही बीजेपी के निशाने पर होते हैं। एनजीओ के कामकाज को प्रभावित करनेवाले अहम बदलाव जो सरकार ने किए हैं उसके अनुसार अब आयकर अधिनियम के तहत एनजीओ के पंजीकरण सिर्फ पाँच साल तक वैध रहेंगे। इसका मतलब यह कि हर एनजीओ को पाँच साल के बाद कर छूट के लिए ज़रूरी चेरिटबल स्टेटस के लिए आवेदन करना होगा। विदेशी चंदा पंजीकरण अधिनियम (एफसीआरए) एफसीआरए के नियम सीएसओ के कामकाज में बाधा बनते रहे हैं। इस अधिनियम को मूल रूप से घरेलू राजनीति में विदेशी पैसे के प्रभाव को कम करने के लिए 1976 में पास किया गया था पर बाद में 2010 में इसे और सख़्त बना दिया गया। इस संशोधन से विदेशी चंदा स्वीकार करने की इच्छा रखनेवाले सभी एनजीओ के लिए एफसीआरए पंजीकरण आवश्यक बना दिया गया। और अब एफसीआरए के लिए यह ज़रूरी है कि एनजीओ हर पाँच साल पर अपने पंजीकरण का नवीनीकरण

कराएँ। नए संशोधन से सरकार इस बात पर भी नज़र रखेगी कि संस्थाएँ अपना पैसा किस तरह से खर्च कर सकती हैं। एफसीआरए लाइसेंस के नवीनीकरण ने सीएसओ को भारी मुश्किल में डाल दिया है क्योंकि नवीनीकरण पूर्णतया सरकार की मर्ज़ी पर है।

बीजेपी के 2014 में सत्ता में आने के बाद से चुनिंदा आधार पर संस्थाओं को निशाना बनाया जा रहा है। कई एनजीओ के लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं। सीआईवीआईसीयूएस के अनुसार 5 मई से 9 जून 2015 के बीच एफसीआरए का उल्लंघन करने और कर रिटर्न नहीं भरने के आरोप में 4,470 और अप्रैल 2016 में 9,000 सीएसओ के पंजीकरण रद्द कर दिए गए। सरकार ने 2019 में लोकसभा में बताया कि 2014 से 14,500 एनजीओ को विदेशी चंदा लेने से रोक दिया गया और इस तरह प्राप्त विदेशी चंदा जो 2018 में $2.2 अरब था, गिरकर 2019 में $295 मिलियन पर आ गया। अब हर पाँच साल पर एनजीओ को यह भी बताना पड़ता है कि उन्हें धर्म परिवर्तन कराने में शामिल होने के लिए दंडित तो नहीं किया गया है और यह आश्वासन देना होगा कि वे देशद्रोह को बढ़ावा देनेवाली गतिविधियों में शामिल नहीं होंगे।

ऐसे एनजीओ को विशेष रूप से निशाना बनाया गया है जो मानवाधिकार की रक्षा के मुद्दे पर कमजोर और अल्पसंख्यक समूहों की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए काम करते हैं। इस तरह के सीएसओ को परेशान करने के लिए सरकार ने एफसीआरए को हथियार की तरह प्रयोग करना शुरू कर दिया है। जिन प्रमुख संस्थाओं को निशाना बनाया गया है उनमें शामिल हैं नवसर्जन ट्रस्ट, अनहद, ग्रीनपीस इंडिया, लॉयर्स कलेक्टिव, सेंटर फ़ॉर प्रोमोशन ऑफ़ सोशल कन्सर्न (सीपीएससी), इंडियन सोशल ऐक्शन फ़ोरम (इंसाफ़), अमनेस्टी इंटरनेशनल।

डराने धमकाने के लिए प्रवर्तन एजेंसियों का प्रयोग

एनजीओ को डराने-धमकाने के लिए सरकार ईडी, सीबीआई जैसी जाँच एजेंसियों का बेजा उपयोग भी करती है। कई नामी-गिरामी संस्थाओं को इन एजेंसियों के माध्यम से निशाना बनाया गया है और उनके ख़िलाफ़ फ़र्ज़ी आपराधिक मामले के तहत कार्रवाई की गई है।

मानवाधिकार कार्यकर्ताओं पर मंडराते डर के बादल

संगठनों को ज़रूरी मुद्दों पर कार्य करने से रोकने के अलावा मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने बताया है कि सरकारी एजेंसियाँ उन्हें डराती -धमकाती भी हैं। उदाहरण के लिए छत्तीसगढ़ में आदिवासी के अधिकारों के लिए काम करनेवाली सोनी सोरी, बेला भाटिया और गुजरात दंगे में ज़िंदा बचे लोगों की मदद करनेवाली तीस्ता सेतलवाड। इन कार्यकर्ताओं पर सरकार की एजेंसियाँ ख़ुफ़िया नज़र रखती हैं और इसी तरह से ऐसे ही सामाजिक-राजनीतिक सरोकारों वाले पत्रकारों, वकीलों, शिक्षाविदों और अभियानियों के ख़िलाफ़ भी सरकारी एजेंसियाँ सक्रिय रहती हैं और ये आईटी अधिनियम और

टेलीग्राफ अधिनियम के तहत इनके ख़िलाफ़ जासूसी करती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार हर साल एक लाख लोगों के फ़ोन पर नज़र रखने के आदेश जारी किए जाते हैं।

अभिव्यक्ति और मत प्रकट करने की आज़ादी पर प्रतिबंध

पत्रकारों और अभियानियों पर हमले

प्रेस स्वतंत्रता के मामले में भारत लोकतांत्रिक देशों में काफ़ी नीचे है। मोदी ने देश की मीडिया पर अपना प्रभाव बढ़ा दिया है और उन्हें अपनी सरकार की हिन्दुवादी नीतियों पर चलने के लिए बाध्य कर दिया है। उन पत्रकारों पर हमले हो रहे हैं जिन्होंने इस सरकार के ख़िलाफ़ कुछ लिखा है और 2014 से गौरी लंकेश सहित कम से कम 18 पत्रकारों की हत्या हो चुकी है। जाँच से पता चला है कि गौरी लंकेश की हत्या के तार हिंदू अतिवादियों से जुड़ रहे हैं। 25 मार्च और 31 मई 2020 के बीच कम से कम 55 पत्रकारों पर गिरफ़्तारी का ख़तरा मंडरा रहा था, उनको शारीरिक रूप से या उनकी संपत्तियों को नुक़सान पहुँचाया गया या उनके ख़िलाफ़ एफआईआर दर्ज किए गए। जिन पत्रकारों को सरकार के ग़ुस्से का निशाना बनाया गया उनमें शामिल हैं द वायर के संपादक सिद्धार्थ वरदराजन और प्रशांत कनोजिया। राणा अय्यूब को गुजरात दंगे में अमित शाह की भूमिका के बारे में लिखने के लिए परेशान किया गया है और यह आज भी जारी है।

सूचनाओं तक पहुँच को सीमित करना

भारत में इंटरनेट को बंद करने के वाक़ये ज़्यादा हो रहे हैं और इसमें नाटकीय वृद्धि हुई है। भारत सरकार सोशल मीडिया प्लैट्फ़ॉर्म से कंटेंट को हटाने के लिए सबसे ज़्यादा बार आग्रह कर चुकी है और सोशल मीडिया पोस्ट के कारण कम से कम 50 लोगों को 2017 और 2018 में गिरफ़्तार किया गया जिसमें अधिकांश मुसलमान हैं। बीजेपी सरकार ने देश की सूचना का अधिकार विधेयक में छेड़छाड़ की है और जो क़ानून एक समय में सबसे सशक्त क़ानून माना जाता था उसे संशोधन के द्वारा कमजोर कर दिया गया। मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्तों के वेतन और नियुक्ति की अवधि को केंद्र सरकार के अधीन कर दिया गया और इस तरह अब उन पर आसानी से राजनीतिक दबाव डाला जा सकता है। देश के सूचना अधिकार कार्यकर्ताओं पर हमले जारी हैं और कॉमनवेल्थ ह्यूमन राइट्स इनीशिएटिव (सीएचआरआई) ट्रैकर की मानें तो इस अधिनियम के 2005 में बनने के बाद अभी तक 86 लोगों की हत्या हो चुकी है और इनमें से 44 लोगों की हत्या 2014 में बीजेपी सरकार के सत्ता में आने के बाद हुई है।

घृणा फैलानेवालों को खुली छूट

टीवी चैनलों पर पाबंदी की बात भी सामने आयी है। केरल के एक चैनल को दिल्ली में हुए दंगे में दिल्ली पुलिस और आरएसएस के बारे में विरोधी राय रखने के कारण उस पर फ़रवरी 2020 में अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया गया। इससे पहले 2016 में एनडीटीवी पर एक दिन का प्रतिबंध सरकार ने लगा दिया था। ज़ाहिर है सरकार उन चैनलों के ख़िलाफ़ कोई कार्रवाई नहीं करती जो खुलेआम घृणा फैलाते हैं और देश में संप्रदायों के बीच दुश्मनी का माहौल पैदा करते हैं। सरकार के समर्थक मीडिया समूहों को सरकारी विज्ञापन के माध्यम से पुरस्कृत किया जाता है जबकि सरकार के ख़िलाफ़ खबर चलानेवाले चैनलों और अख़बारों एवं अन्य माध्यमों को सरकारी विज्ञापन से वंचित कर दिया जाता है ।

अकादमिक आज़ादी पर हमला

ऐसे विश्वविद्यालयों पर हमले बढ़ रहे हैं जो सवाल उठाते हैं और स्वतंत्रता का झंडा बुलंद करते हैं। सरकार ने उच्च शिक्षा की अपनी बजट जो कि 2013-14 में जीडीपी का 0.6 प्रतिशत था, उसे 2018-19 में घटाकर 0.2 प्रतिशत कर दिया। फिर, आरएसएस से जुड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की विश्वविद्यालयों में गुंडागर्दी बढ़ गई है और ये लोग उन छात्रों और शिक्षकों पर हमले करते हैं जो उनके विचारों से अलग विचार रखते हैं ।

जमा होने और विरोध करने की आज़ादी पर अंकुश

बीजेपी के 2014 में केंद्र की सत्ता में आने के बाद से बोलने, सभा करने और अभिव्यक्ति की संवैधानिक स्वतंत्रता पर हमले बढ़ गए हैं। संविधान के अनुच्छेद 19(1)(b) के तहत जनता को यह आज़ादी दी गई है। केंद्र सरकार ने आदिवासियों, दलितों, अल्पसंख्यकों के विरोध प्रदर्शनों को सत्ता में आने के बाद कुचला है। उत्पीड़नकारी श्रम क़ानून के ख़िलाफ़ प्रदर्शन, गुजरात के ऊना में दलितों की हत्या के विरोध में हुए प्रदर्शन, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के बारे में सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले के ख़िलाफ़ विरोध प्रदर्शन और भीमा कोरेगाँव में दलितों की सभा पर बीजेपी से जुड़े संगठनों के कार्यकर्ताओं ने हमले किए। मामले की जानकारी रखनेवालों का कहना है कि इस बारे में मौजूदा क़ानून का बड़े पैमाने पर उल्लंघन हो रहा है और सरकार असहमति रखनेवालों को निशाना बना रही है। दूसरी बार 2019 में सत्ता में लौटने के बाद से बीजेपी अपने विरोधियों के ख़िलाफ़ पहले से कहीं ज़्यादा दमन का रवैया अपना रही है। सीएए के ख़िलाफ़ विरोध प्रदर्शन के दौरान धारा 144 का व्यापक दुरुपयोग हुआ ताकि लोगों को जमा होने और विरोध प्रदर्शन से रोका जा सके। कश्मीर में भी सरकार इस धारा का दुरुपयोग कर रही है। धारा 144 का मनमाना प्रयोग और इंटरनेट को बंद कर देना आम हो गया है और इसे अब सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा बना दिया गया है। भारत में किसी अन्य लोकतांत्रिक देश से कहीं ज़्यादा इंटरनेट को बंद किया जा रहा है।

अल्पसंख्यकों के लिए सिकुड़ते दायरे

हाल में जो भी हुआ है उसको देखकर यही लगता है कि धार्मिक अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों के लिए नागरिक दायरे को प्रभावी रूप से बंद करने का प्रयास हो रहा है।

